



# प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 अक्टूबर. हबीबगंज थाना क्षेत्र के श्याम नगर मल्टी में एक युवक की हत्या की जानकारी शनिवार को सुबह पुलिस को मिली. मृतक का नाम आशीष ऊइके था. प्रेम प्रसंग में हत्या होने की जानकारी अबतक सामने आई है.**

डीसीपी जोन - 1 आशुतोष गुप्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रेम प्रसंग के चलते हुई युवक की हत्या का मामला सामने आया है. मृतक के गले पर चोट के निशान मिले है. पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि धारदार चाकू और पत्थर मारकर हत्या की गई है. 25 वर्षीय मृतक आशीष ऊइके का विवाद तीन युवकों से हुआ था, तीनों आरोपी रजत सिंह ठाकुर, निखिल यादव और विनय यादव को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रजत सिंह ठाकुर की मां के साथ मृतक के प्रेम प्रसंग थे. इसी बात से नाराज होकर रजत ने अपने अन्य साथियों के साथ मिल आशीष को मौत के घाट उतारा. मामले की जांच पुलिस कर रही है.

# पुलिसकर्मी अपना आचरण रखें उत्तम : डीजीपी मकवाणा



**भोपाल, 18 अक्टूबर. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जोनल पुलिस महानिरीक्षकों, पुलिस आयुक्त इंदौर-भोपाल के साथ बैठक की. बैठक में एडीजी साई मनोहर, आईजी लॉ एंड ऑर्डर अंशुमान सिंह सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.**

धनतेरस,दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज एवं चित्रकूट, रतनगढ़ और हिंगोट मेले के अवसर पर प्रदेश में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सौहार्द बनाए रखने को लेकर अधिकारियों ने बैठक में चर्चा की. इस मौके पर डीजीपी मकवाणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी जिलों में त्यौहारों के दौरान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस व्यवस्था पूर्णत: चाक-चौबंद रखी जाए. उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिलों में पूरे बल की समीक्षा करें और संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें. इसके साथ ही बीट स्तर पर इंटेलिजेंस को सक्रिय रखने और सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से नागरिकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने पर जोर दिया.

# दीवाली के नाम पर अश्लील पार्टी

**भोपाल, 18 अक्टूबर.** गांधीनगर थाना इलाके में संचालित एक होटल में देर रात अश्लील पार्टी का मामला सामने आया है. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने घटना की जानकारी मिलने पर पार्टी रूकवाई.

दीवाली के नाम पर अश्लील पार्टी कराने की बात सामने आई है, जिसका विरोध किया जा रहा है. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का इस पर कहना दिवाली के नाम किसी को भी अश्लीलता नहीं फैलाने देंगे. क्षेत्र के एयरपोर्ट रोड पर संचालित होटल का यह मामला बताया गया है. पुलिस ने फिलहाल इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है. पुलिस प्रशासन से मामले में कार्रवाई करने की अपील की जा रही है.

**बजरंग दल ने होटल पहुंचकर रूकवाई पार्टी**

# पुलिस ने पटाखा गोदाम को किया सील, राजस्व विभाग ने भी कार्रवाई

**भोपाल, 18 अक्टूबर.** खजूरी थाना सड़क पुलिस और राजस्व विभाग ने क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखा गोदाम के संचालन करने वाले के खिलाफ एक्शन लिया है. गोदाम संचालक के पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने गोदाम को सील कर दिया है. इसके साथ ही यहां पर पटाखा से भरे एक लोडिंग वाहन को जब्त किया गया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ईलाका भ्रमण के दौरान ग्राम जमुनियां छीर के पास एक लोडिंग गाड़ी खड़ी दिखी. ड्राइवर ने पूछताछ के दौरान बताया कि गाड़ी में पटाखे भरे हुए हैं, जो कि बाजू के गोदाम के संचालक मोहन मनवानी का है. मामले की तहकीकात करते हुए पुलिस ने गाड़ी में भरे पटाखे और गोदाम के लाइसेंस की जानकारी मांगी. इस मामले में राजस्व विभाग को सूचित किया गया, जिस पर से थाना खजूरी सड़क और राजस्व विभाग के टीम ने वैधानिक कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किया. गोदाम संचालक आरोपी मोहन मनवानी बैरागढ़ में मधुर फायर वर्क्स के नाम से अपनी दुकान भी चलाता है.

# शिकायत : महिला डॉक्टर ने थाना प्रभारी पर लगाए बदसलूकी के आरोप



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 अक्टूबर. बिलखिरिया थाने में एक महिला डॉक्टर के साथ थाना प्रभारी की बदसलूकी का मामला सामने आया है. डॉक्टर का आरोप है कि थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने उनकी शिकायत लेने से इनकार करते हुए बदसलूकी की.**

पीड़ित का आरोप है कि चौहान ने उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और धमकाते हुए थाने के बाहर भी निकाल दिया. इस घटना का कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है. जिसमें थाना प्रभारी महिला को कोर्ट में जाने की बात कहते हुए नजर आ रहे हैं. पीड़ित डॉ. मांडवी साहू ने आरोप लगाते हुए बताया है कि उनकी निजी जमीन, जिसका खसरा नंबर 36 है. इस पर भूमाफिया ने अवैध कब्जा किए हैं और मामले की शिकायत लेकर बिलखिरिया थाने वह पहुंची थीं, जहां उनके साथ थाना प्रभारी ने बदसलूकी की. डॉक्टर ने भूमाफिया आरडी साहू से पुलिस की सांठगांठ का गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने बताया कि आरडी साहू पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह हाल ही में जेल से बाहर आया है. डॉ. मांडवी साहू ने बताया कि इस मामले की शिकायत उन्होंने गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव से की है. एसडीएम ने उनकी जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को तत्काल ही रोकने और सीमांकन के निर्देश दिए हैं. साहू ने बताया कि इसके बाबजूद भी भूमाफिया लगातार निर्माण कार्य कर रहे हैं, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं.


